**डा॰ कुमकुम राय:** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि बहुत सारी ऐसी दवाइयां हैं, जिनमें हण्ड्रैड परसेंट तक प्रोफिट रहता है, तो उन दवाइयों की कीमत का निर्धारण करने का मापदंड क्या है? और, उस मापदंड के आधार पर जो दवाइयां बाजार में आती हैं, उन पर कौन-कौन सी बातें लागू होती हैं?

**श्री राम विलास पासवान:** सभापति जी, जैसा कि आपको मालूम है, मैंने ही इस बात को यहां डिस्कलोज किया था कि बहुत सारी ऐसी दवाइयां हैं, जिन दवाइयों की कीमत इस तरह है, हालांकि उनका परसंटेज मार्केट शेयर में 007 परसेंट है। जहां तक उन दवाइयों की कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन का है, तो कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन तो हमको मालूम नहीं है, लेकिन उनमें कुछेक दवाइयां ऐसी हैं, जिनकी कोस्ट ऑफ प्रोडक्शन शायद 50 पैसा होगी, मगर वह रिटेलर को 1 रुपए 20 पैसे मे देते हैं और उस पर एमआरपी 37/- रुपए का लगा रहता है। तो ऐसी जो दवाइयां हैं, उनको बंद किया जाए या कंट्रोल किया जाए, इसके ऊपर हमने एक्शन शुरू कर दिया है। दवाइयों के दाम कम हुए हैं – 97 परसेंट दवाइयां हैं, जिनका दाम पिछले 2 साल में बढ़ा नहीं है और करीब एक परसेंट दवाई है, जिसका दाम कम हुआ है और दो परसेंट दवाइयां हैं, जिनका दाम थोड़ा बढ़ा है। हम इंडस्ट्री से लगातार बातचीत में लगे हुए हैं, लेकिन आप जानते हैं कि जो फारमास्युटिकल इंडस्ट्री है, इनका अर्न ओवर भी बहुत है और लॉबी भी बहुत बड़ी है और जब भी उन पर थोड़ा कंट्रोल लगाने का कोई मामला आता है तो हाय-तौबा मच जाती है, वे धमकी देने लगते हैं कि हम दवाई का उत्पादन बंद कर देंगे। इसलिए प्रणब सेन कमेटी का मेन परपज है कि अदर देन कंट्रोल, इसका और क्या मेकेनिज्म हो सकता है। मैं समझता हूं कि उन्होंने जो रिपोर्ट दी है, वह काफी कारगर है और हमारे जवाइंट सैक्रेटरी की जो रिपोर्ट हैं, वह भी काफी कारगर है। तो इन दोनों रिपोर्ट्स को लेकर ऐफॉरडेबल रेट पर दवाइयां उपलब्ध हों, इसके लिए हम हैं और गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए फ्री में मुफ्त में कैसे दवाई की व्यवस्था की जाए, इस पर भी हम विचार कर रहे हैं।

## National Steel Policy

*347. SHRI JESUDASU SEELAM:†
DR. T. SUBBARAMI REDDY:

Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) whether Government have decided to form a Group of Ministers to finalize an action plan and monitor implementation of much awaited National Steel Policy;

(b) whether Government have announced the steel policy;

†The question was actually asked on the floor of the House by Shri Jesudasu Seelam.

(c) if so, the details of the same; and

(d) whether this policy has been fully approved by the Group of Ministers?

THE MINISTER OF STEEL (SHRI RAM VILAS PASWAN): (a) It has been envisaged in the National Steel Policy (NSP) that a suitable executing mechanism will be evolved to monitor the implementation of the NSP.

(b) Yes, Sir.

(c) The salient features of the National Steel Policy are given in the Statement (*See* below).

(d) Does not arise in view of the (a) above.

***Statement***

*The salient features of the National Steel Policy*

- The NSP sets out a broad roadmap for the Indian Steel Industry in its journey towards reform, restructing adn globalization.
- The long-term goal of the NSP is that India should have a modern and efficient steel industry of world standards, catering to diversified steel damand. The focus of the policy is to achieve global competitiveness not only in terms of cost, quality and product-mix but also in terms of global benchmarks of efficiency and productivity. This will require indegenous production of 110 million tonnes per annum by 2019-20 from the 2004-05 level of 38 million tonnes. This implies a compounded annual growth of 7.3 percent per annum.
- In order to achieve the goal of 110 million tonnes of steel production by 2019-20, the country would require 190 million tonnes of iron ore and 70 million tonnes of coking coal. The NSP seeks to remove the supply-side constraints to the growth of this industry in an open, globally integrated and competitive enviornment.
- The NSP seeks adopt a multi-pronged strategy to move towards the long-term policy goal. On the demand side, the strategy would be to create incremental demand through promotional efforts, creation of awareness and strengthening the delivery chain, particularly in rural areas. On the supply side, the strategy would be to facilitate

creation of additional capacity, remove procedural and policy bottlenecks in the availability of inputs such as iron ore and coal, make higher investments in R&D and encourage the creation of infrastructure such as roads, railways, and ports.

- The NSP targets a per capita consumption level of about 165kg. In urban areas and 4kg. in rural areas by 2019-20 as compared to 77kg. and 2 kg., respectively in 2004-05. The industry will be encouraged to set up new block level rural stock points in order to boost steel consumption. Measures will be taken to incorporate steel structures in the CPWD code for goverment buildings and to include steel usage in the curricula for technical institutes.
- In order to achieve the strategic goal of 110 million tonnes of steel production by 2019-20, the industry would need additional capital Rs. 2,30,000 crores. In addition, funds would be required for technological upgrade of existing facilities.
- In order to mobilize such vast resources NSP seeks to encourage foreign direct investment. In addition the policy also seeks to devise suitable fiscal incentives for the steel industry.
- The NSP seeks to support development of risk-hedging instruments like futures and derivatives to contain price volatility in the steel market.
- The NSP seeks to strengthen the existing training and research facilities available to the domestic steel industry so as to provide suitable training programmes especially for the secondry small-scale units and also to collect and analyze data on important parameters of the industry.
- The NSP seeks to mount aggressive R&D efforts to create manufacturing capability for special types of steel, substitute coking coal, use iron ore fines, develop new products suited to rural needs, enhance material and energy efficiency, utilize waste, and arrest environmental degradation.
- The NSP acknowledges the important role played by the secondary steel sector in providing employment, meeting local demand of steel in rural and semi-urban areas, and meeting the country's demand of some special products and seeks to endeavour to provide the

necessary feedstock to these units at reasonable prices from major plants through the existing mechanism of State Small Industries Corporations.

The NSP recognizes the fact that integration of the Indian steel industry with the global economy requires that the industry should be protected from unfair trade practices, which become common especially during periods of downturn. The NSP therefore, envisages institution of mechanisms for important surveillance, and monitoring export subsidies in other countries.

SHRI JESUDASU SEELAM: Sir, the hon. Minister has given a detailed version indicating the salient features of the National Steel Policy. Sir, I would like to draw the kind attention of the hon. Minister to the point no. 3 of the salient features in the reply given by him. It states, "In order to achieve the goal of 110 million tonnes of steel production by 2020, the country would require 190 million tonnes of iron ore and 70 million tonnes of coking coal."

Sir, it is well known that for production of one million tonne of steel, you require four million tonnes of raw material. For that, Sir, you have to improve the infrasturcture in the Railways, infrasturcture of Roads, etc., for better movement. Will the hon. Minister explain to the House as to whether it is concomitant with the policy? And, by 2020, what are the outlays that the are providing to the Railways? What are the outlays they are providing for Roadways so that the raw material is available? And, what are the measures taken by the Ministry of Mines to make the ore available? These are all connected issues. Is it a fact that these issues have gone into, and, then the Steel policy hs been announced because unless you provide sufficient outlays in the respective sectors, it will be simply a planning and we may not be able to achieve the targets? Sir, would the hon. Minister like to throw some light on this issue.

श्री राम विलास पासवान: सभापति जी, दो चीजें हैं। एक तो इन्होंने सवाल उठाया है इन्फ्रास्ट्रक्चर का और उसमें पहला सवाल है कि हमारे पास रॉ-मेटिरियल क्या है। जहां तक उत्पादन का सवाल है, अभी तक 38 मिलियन टन हमारा उत्पादन हो रहा है और उस 38 मिलियन टन को बढ़ाकर 2019-20 तक 110 मिलियन टन तक ले जाने का हमारा लक्ष्य है। ऐसी परिस्थिति में रॉ-मेटीरियल की आवश्यकता होगी। हमारे यहां दो तरह के रॉ-मेटीरियल होते हैं, जिनमें एक रॉ-मेटीरियल आयरन ओर है आयरन ओर की हमारे पास कमी नहीं है, आयरन ओर का 23 बिलियन टन का

हमारे पास भंडार है, करीब 200 साल तक हमें उसकी कमी नहीं पड़ेगी; अलग-अलग माइंस हैं, तीन-चार राज्यों में इसकी बहुत जबर्दस्त खाने हैं। जहां तक कोकिंग कोल का सवाल है कोकिंग कोल हमारे पास ऐवेलेबल नहीं है, अधिकांश कोकिंग कोल हमको विदेश से इम्पोर्ट करना पड़ता है और इसलिए हमने अपने PSUs को भी कहा है, कल भी बैठक हुई है, जिसमें हमने निर्देश दिया है कि बाहर ज्वांइट वेंचर करो, जिसमें कि एक पारदर्शिता भी रहे और जितना भी कोकिंग कोल खरीदा जाए, वह ओपन टेंडर के द्वारा खरीदा जाए, किसी नेगोसिएशन के द्वारा नहीं खरीदा जाए। एक तो यह है। दूसरा प्रश्न आपने इन्फ्रास्ट्रक्चर के संबंध में पूछा है, उसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि हमारी जो न्यू स्टील पॉलिसी है, उसके दो लक्ष्य हैं। पहला लक्ष्य यह है कि हमारी स्टील इंडस्ट्री वर्ल्ड क्लास की बने जो ग्लोबली कॉम्पिटीटिव हो साथ ही कॉस्ट एंड क्वालिटी के स्तर पर भी वह कॉम्पिटीशन में भी आए। इसके दो पहलू हैं, एक पहलू डिमांड का है और दूसरा सप्लाई का है। जो डिमांड की साइड है, उसमें हम देखते हैं कि जो हमारे वितरण का नेटवर्क है, वह अभी सही नहीं है। हालांकि हमारे पास कुछ जगह पर स्टॉक याड्र्स हैं, प्राइवेट में भी ऐसा ही है, इसलिए हमारे सामने सवाल यह रहता है कि हमारे देश में लोगों को स्टील की जितनी आवयकता है, उसे चाह कर भी हम पूरा नहीं कर पाते। यदि गांव के अन्दर कोई आदमी चाहे कि वह स्टील खरीदे, तो उसके पास इसका अभाव रहता है, वह उसे प्राप्त नहीं कर पाता है। इसका नतीजा यह होता है कि कोई लकड़ी का मकान बनाता, कोई किसी और चीज़ का बनाता है। इसके लिए हमारा एक लक्ष्य जागरूकता पैदा करना है और दूसरा डिस्ट्रीब्यूशन के नेटवर्क को ठीक करना। ये दो हमारे यह लक्ष्य हैं। जहां तक सप्लाई का सवाल है, उसमें जैसा कि हमने बताया ...(व्यवधान)...

**श्री सभापति:** आपके विभाग में कभी डिबेट तो होती होगी?

**श्री राम विलास पासवान:** सर, इन्होंने अब पांच सवाल पूछ लिए हैं ...(व्यवधान)... एक ही साथ इन्होंने पांच सवाल पूछ लिए। हमारा उत्पादन बढ़े, खनन की उपलब्धता हो, इन्फ्रास्ट्रक्चर मज़बूत हो, रिसर्च को बढ़ावा मिले, इन सभी चीजों को हमने इस पॉलिसी के अन्दर शामिल किया है।

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** एक ही सप्लीमेंटरी में आपने छ: सप्लीमेंटरीज़ कर दी हैं।

(श्री उपसभापति पीठासीन हुए)

SHRI JESUDASU SEELAM: Sir, I am discussing the policy issue. Sir, my second supplementary is regarding pricing and availability of steel for small and marginal contractors who build housing societies. There are lots of variations in the steel prices in recent days giving rise to a lot of leakages in the system.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, put the question.

SHRI JESUDASU SEELAM: would the hon. Minister tell me what are the measures that the Ministry has taken to achieve price stabilisation? Is there any scheme in the Ministry of Steel for giving small agencies in the Steel Sector to encourage educated and unemployed youth belonging to the weaker sections of society?

**श्री राम विलास पासवान:** महोदय, जहां तक हमारी स्टील एजेंसी का सवाल है, उसके लिए हमने फर्टीलाइज़र और स्टील मिनिस्ट्री में यह बता दिया है कि हम 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार युवकों के लिए देंगे और जो अन्य लोग हैं, शेष हम उन्हें देंगे। इसलिए मैंने कहा कि हमारा जो नेटवर्क है, उस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को हम मजबूत कर रहे हैं और उसके लिए हम डिस्ट्रिक्ट को यूनिट बनाएंगे, उसके पश्चात् हम ब्लॉक को यूनिट बनाएंगे। अभी पूरे देश में कुल मिला कर पब्लिक अंडरटेकिंग में 29 जगहों पर स्टॉक याड्र्स की एजेंसीज़ हैं, लेकिन उससे भी कुछ होने वाला नहीं है। जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा, उसके ऊपर हम ऑलरेडी कार्यवाही कर रहे हैं।

जहां तक स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज़ का सवाल है, हमारी नीति उसे बढ़ावा देने की है और दूसरा जो प्राइसिंग का सवाल है, मुझे इस बात की खुशी है, क्योंकि एक समय ऐसा भी आ गया था जब हमारा स्टील उद्योग बिकने के कगार पर था, बंद होने के कगार पर था। पिछले दो वर्ष से इसमें काफी मुनाफा हो रहा है और प्रोडक्शन भी बढ़ रहा है और करीब-करीब 6700 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है ...(व्यवधान)...

**श्री संतोष बागड़ोदिया:** आपने एफीशिएंसी के बारे में ...(व्यवधान)...

**श्री राम विलास पासवान:** जी हां एफीशिएंसी भी बढ़ी है ...(व्यवधान)...

**श्री उपसभापति:** वे बताएंगे, बताएंगे। आप बाद में सवाल पूछ लीजिएगा। संतोष जी, आप बाद में सवाल पूछ लीजिएगा, अभी मंत्री जी को बोलने दीजिए।

**श्री राम विलास पासवान:** यह बात सही है कि जो प्राइस कंट्रोल होता है, वह हम नहीं करते हैं, वह इंटरनेशनल मार्किट में कंट्रोल होता है, लेकिन यह बात भी सही है कि हमारा प्रोडक्शन बढ़ा है, हमारी एफीशिएंसी बढ़ी है। जितनी भी पब्लिक अंडरटेकिंग्स हैं, उनमें जागरूकता आई है। पहले पब्लिक अंडरटेकिंग्स के इम्प्लॉएज़ समझते थे कि हम केवल वहां जा कर नौकरी कर लें, लेकिन अब उनके ऊपर यह जवाबदेही आ गई है कि यदि इंडस्ट्री घाटे में चलेगी तो उसका लॉस उन्हें भी उठाना पड़ेगा। मैं यह भी बता देना चाहता हूं कि इसके लिए हमारे जो पब्लिक अंडरटेकिंग्स में काम करने वाले कर्मचारी हैं, उन्हें मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनमें जागरूकता आई है और वे ईमानदारी और लगन के साथ काम कर रहे हैं और आज यह उसी का प्रतिफल है कि 6700 करोड़

का मुनाफा सेल को हुआ है एवं 2000 करोड़ से अधिक मुनाफा आरआईएल को हुआ है, जिसमें ये दोनों ही चीजें शामिल हैं।

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, the hon. Minister says that we have got iron ore storage in four States and plenty of it is available. And there is no problem. We need 190 million tonnes of iron ore to achieve the 100 million tonne production of steel by 2019. There is a strong feeling in the steel industry that if we keep on exporting all over the world irrespective of the quantum of availability and control, we might consume all the available iron ore. Would we not land into trouble one day when there won't be iron ore for our own steel industry? I would like to know from the Minister; What mechanism you have got to control it? What are the mining potentialities in the four States? And what is the quantum they are exporting? Where do we stand now at this stage if this speed of the export goes on? And tommorrow....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please put the question?

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, all these are my questions. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is such a long question.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: How are we going to satisy the House and the people of India?

श्री राम विलास पासवान: सर, जैसा कि मैंने शुरू में कहा था कि हमारे यहां आयरन ओर का रिजर्व 23 बिलियन टन है और हमने हिसाब लगाया है कि 2019-2020 में 190 मिलियन टन की आवश्यकता होगी Out of 23 billion tonnes, we will require 190 million tonnes, और कोकिंग कोल का 17 मिलियन टन का होगा, जैसा कि मैंने कहा कि कोकिंग कोल का अधिकांश हिस्सा इंपोर्ट किया जाता है लेकिन जहां तक आयरन का सवाल है, वह हमारे पास में पर्याप्त है।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, as the Minister says, 110 million tonnes of steel production is the goal for 2019-20 मंत्री महोदय को क्या मालूम है कि ऐसी हालत में भी जबकि अभी 38 मिलियन टन है, बंगाल में स्टील प्लांट का जो प्रोपोजल है, वह मैटीरियलाइज नहीं हो पा रहा है, क्योंकि आयरन ओर का लिंकेज नहीं मिल रहा है, पास के स्टेट से। ऐसा कहा जा रहा है कि जो आयरन ओर जिस स्टेट में रहेगा वहीं कंवर्सन के लिए स्टील बनेगा, उसी के लिए जो स्टील प्लांट बंगाल में बनने वाला था to fulfil one of the targets, वह स्टील

प्लांट बनाना बन्द करना पड़ा , क्योंकि आयरन ओर जा रहा है, एक ही स्टेट के लिए। ऐसी स्थिति में क्या आपने झारखंड सरकार से बात की है स्टील प्रोडक्शन के बारे में, कोई खास बात चल रही है, नहीं तो कभी ऐसा नहीं होगा कि पूरे का पूरा 110 मिलियन टन खाली 4 स्टेट में ही जाएगा, जहां आयरन होगा, ऐसा हो ही नहीं सकता। There cannot be any possibility where all the steel plants have to be located in those four States. Under the Circumstances. What intervention Government has done to see that the steel plant envisaged in the State of West Bengal materialises?

**श्री राम विलास पासवान:** सर, जैसा कि मैंने कहा कि हमारे पास में रिजर्व तो हैं लेकिन माननीय सदस्य का कहना सही है कि अभी तक कुल मिलाकर के 102 एम॰ओ॰यू॰ साइन कर दिया गया है, जिसमें 103 मिलियन टन चाहिए। कितना उसमें स्पिलिट होगा, वह एम॰ओ॰यू॰ हम नहीं जानते हैं। लेकिन एक लीज का जो नियम है, उस लीज के नियम के नियम में अभी जो स्टेट गवर्नमेंट्स हैं उनका पूरे का पूरा अधिकार होता है कि वे किसको माइंस दें और उसकी स्वीकृति के लिए माइंस डिपार्टमेंट में आता है। लेकिन हमने उसके लिए एक डान कमेटी बनाई है और इस कमेटी का रिकमंडेशन आ गया है और उसके साथ-साथ एक हाई पॉवर कमेटी, Hooda Committee बनाई गई है, जो एक पालिसी तय करेगी कि जो हमारे पास में अवेलेबल raw material है, ऑयरन ओर है उसका डिस्ट्रिब्यूशन कैसे किया जाए। किन-किन को प्रोयोरिटी में रखा जाये, पब्लिक अंडर टेकिंग्स हैं, प्राईवेट वाले हैं, कितने मिलियन टन लगायेंगे, उनको कितना दिया जायेगा और वह सारा राज्य सरकार से बातचीत करके कहीं होगा।

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** तो तब तक जो बंगाल का प्रोजेक्ट है, वह आपके कंसिडरेशन में होगा। जो प्रोजेक्ट कंसिडरेशन में आने वाला था, जिसको रोक दिया गया, क्योंकि झारखंड सरकार ने रोक लगाई। ...(**व्यवधान**)...

**श्री दिग्विजय सिंह:** वह झारखंड में चला गया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** ठीक है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** प्राईवेट सैक्टर का प्रोपोजल था। ...(**व्यवधान**)...

**श्री दिग्विजय सिंह:** वह वापस झारखंड में जाकर बैठ गया है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** अच्छा। ...(**व्यवधान**)... श्री मोती लाल वोरा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री दीपांकर मुखर्जी:** वह बतायेंगे, ये काहे को ...(**व्यवधान**)...

**श्री दिग्विजय सिंह:** यह वही था जिसको आप बंगाल ले जा रहे थे। ...(**व्यवधान**)... आप दूसरा मंगवाइये। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान)... श्री दिग्विजय सिंह जी, ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान)...

**श्री मोती लाल वोरा:** उपसभापति महोदय, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उन्होंने कहा है कि ...(व्यवधान)...

**श्री उपसभापति:** श्री दिग्विजय सिंह जी, ...(व्यवधान)... श्री दिग्विजय सिंहजी, ...(व्यवधान)... श्री दीपांकर जी, ...(व्यवधान)... आप दोनों क्यों ...(व्यवधान)... चेयर यहां बैठी है, आप चेयर को एड्रेस कीजिए। ...(व्यवधान)...

**श्री मोती लाल वोरा:** उपसभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि भिलाई स्टील प्लान्ट के पास में आयरन-ओर की बहुत कमी हो गई है। ...(व्यवधान)... आने वाले दो-तीन वर्षों में ...(व्यवधान)...

**श्री उपसभापति:** यह क्या हो रहा है? ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान)...

**श्री मोती लाल वोरा:** माननीय उपसभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने कहा कि आयरन-ओर का स्टॉक उनके पास में आने वाले 200 साल के लिए है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो भिलाई का इस्पात कारखाना है, उसके पास आयरन-ओर की कमी है, उसको आयरन-ओर उपलब्ध करवाने के लिए क्या आपने कोई व्यवस्था की है?

माननीय उपसभापति जी, दूसरी बात यह है कि बेलाडिला माइन्स का सबसे अच्छा आयरन-ओर है, जिसे हिन्दुस्तान से बाहर भेजा जाता है। क्या बेला-डिला में लगने वाले जो प्लांट हैं, आने वाले समय में प्राईवेट सैक्टर में दो प्लांट की स्थापना हो रही है। एक तरफ आप एक्सपोर्ट कर रहे हैं और फिर आप कहते हैं कि हमारे पास में जो भिलाई का इस्पात संयंत्र है, पब्लिक अंडर टेकिंग है, उसके पास में आयरन-ओर की कमी है, उस कमी को पूरा करने के विषय में आपने कौन-सी कार्यवाही की है?

**श्री राम विलास पासवान:** सर, उस संबंध में हम सतत बातचीत कर रहे हैं, लेकिन जैसा कि मैंने आपको बतलाया कि इसके लिए ही कमेटी बनाई गई है। हर प्लांट चाहता है, हर इंडस्ट्री वाला चाहता है कि हमको कोई चिरिया माइन्स से चाहिए, कोई गोवा माइन्स से चाहिए, कोई अमुक माइन्स से चाहिए, लेकिन यह राज्य सरकार का मामला है। हम इसमें ज्यादा इंटरफेयरेंस नहीं कर सकते हैं। हम इतना ही कर सकते हैं कि उनका जो रिकमंडेशन आता है, उसको माइन्स डिपार्टमेंट एप्रूवल नहीं दे। यह जो हमारी कमेटी बनाई गई है, उस कमेटी का मेन मकसद यह ही है कि इसका कैसे डिस्ट्रीब्युशन किया जाये। लेकिन इतना मैं माननीय सदस्य को बतलाना चाहता हूं कि आयरन-ओर की कमी नहीं है। जो हम एक्सपोर्ट कर रहे हैं, वह एक्सपोर्ट हम उस आयरन-ओर का

रहे हैं, जिनके बारे में मैंने कहा कि उनकी क्वालिटी ऐसी है जिसका हमारे यहां उपयोग नहीं होता है और दूसरे ऐसे हैं जिनके बारे में हम जानते हैं कि सौ साल बाद नई टेक्नालाजी आयेगी, दो सो साल तक जो हमारे पास रिजर्व है, उसको हमारे पास रखकर के बाकी की हमारे पास जो आयरन-ओर है, उसका एक्सपोर्ट करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है और इस दृष्टिकोण से एक्सपोर्ट किया जा रहा है। जो एक्सपोर्ट किया जा रहा है वह घरेलू consumptionको काटकर नहीं किया जा रहा है। जो डोमेस्टिक नीड्स हैं, पहले हम उनको पूरा करेंगे और उसके बाद ही हमारा आयरन-ओर एक्सपोर्ट होगा। यदि हमें उसमें कटौती करनी पड़ेगी, तो अभी हमने कटौती की है और जितने हमारे ग्रुप थे, प्राईवेट ग्रुप वाले भी थे, उनको बुलाकर के, पब्लिक अंडर टेकिंग को बुलाकर के, हमने यह निर्णय लिया है कि पिछली बार 6.3 मिलियन टन का एक्सपोर्ट था, उसको काटकर हम 1.7 मिलियन टन पर एक्सपोर्ट को ले आये हैं।

**श्री उपसभापति:** नेक्स्ट क्वेश्चन 348 श्री संतोष बागड़ोदिया।

**श्री रुद्रनारायण पाणि:** सर, मुझे क्वेश्चन पूछना है। ...(व्यवधान)...

**श्री उपसभापति:** बहुत से क्वेश्चन्स हैं, दूसरे सदस्यों के भी क्वेश्चन्स हैं। ...(व्यवधान)... क्वेश्चन नम्बर 348 ...(व्यवधान)...

**श्री रुद्रनारायण पाणि:** सर, मुझे क्वेश्चन पूछना है। सर, मैंने आपको नाम लिखवाया है। ...(व्यवधान)...

**श्री उपसभापति:** ऐसी बात नहीं है। ...(व्यवधान)...

## Increasing coverage of BPL families under TPDS

*348. SHRI SANTOSH BAGRODIA:†
SHRI HARISH RAWAT:

Will the Minister of CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) the total number of BPL families identified/covered under the Targeted Public Distribution System (TPDS); and

(b) the reasons for not covering the entire BPL families identified under the TPDS?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SHARAD PAWAR): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the House.

†The question was actually asked on the floor of the House by Shri Santosh Bagrodia